# आम चुनाव

## मंगलवार, 5 नवम्बर, 2024

आधिकारिक मतदाता सूचना गाइड

### देरी न करें, आज ही मतदान करें!

**डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र से जल्दी मतदान करने की अवधि 7 अक्तूबर से 5 नवम्बर, 2024 तक है।**

**मतदान स्थल चुनाव के दिन 5 नवम्बर, 2024 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं!**

### CALIFORNIA सुरक्षित मतदान करें

हाँ, California में प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को एक डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र प्राप्त होगा।


डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र 7 अक्तूबर को या उससे पहले डाक से भेजे जाते हैं।

डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र पर उनके प्राप्त होते ही मतदान किया जा सकता है और उन्हें वापस भेजा जा सकता है।

डाक-द्वारा-मतदान ड्रॉप बॉक्स 8 अक्तूबर से खुलते हैं।

व्यक्तिगत रूप से जाकर मतदान करने के विकल्प सभी काउंटियों में उपलब्ध होंगे।

मोबाइल-अनुकूल मुझे स्कैन करें



### सत्यता का प्रमाण-पत्र

मैं, Shirley N. Weber, California की राज्य सचिव इसके द्वारा प्रमाणित करती हूँ कि यहाँ शामिल की गई जानकारी पूरे राज्य में होने वाले 5 नवम्बर, 2024 के आम चुनाव में California राज्य के निर्वाचकों के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, और कि यह गाइड कानून के अनुसार सही तरीके से तैयार की गई है। इस अगस्त, 2024 के 12 वें दिन को Sacramento, California, में मेरे हस्ताक्षर और राज्य की महान मुहर के साक्षी बनें।

**Shirley N. Weber, Ph.D.**
**राज्य सचिव**